तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 नपं पुसौर में हुआ 15 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास



## खबर संक्षेप

### फर्जी यूपीआई से ठगी आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** मौज मस्ती और ऐशो आराम के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले विशाखापत्तनम निवासी युवक बी सुधीर 22 वर्ष को उदितनगर पुलिस ने मंगल भवन के एक टेलर शॉप से गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को एसपीजी कमांडो बताकर लोगों को भ्रमित करता था और फाइव स्टार होटलों में ठहरकर फर्जी यूपीआई भुगतान के जरिए ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। सूत्रों के अनुसार, सुधीर ने दो दिन पहले टाटा स्थित ताज होटल में 44 हजार रुपए का फर्जी भुगतान कर ठगी की और सोमवार को राउरकेला पहुंचा। इसके बाद वह राउरकेला के होटल मैफेयर विलेज़ में ठहर गया। ताज होटल प्रबंधन ने मोबाइल ट्रेस कर राउरकेला में उसकी मौजूदगी की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। राउरकेला में भी उसने मैफेयर गार्डन में बिरयानी खाकर फर्जी भुगतान किया। लेदर के जूते और पार्क एवेन्यू से कपड़े खरीदे, फिर मंगल भवन स्थित टेलर शॉप में कपड़ों की अल्टरिंग करवा रहा था। उसी दौरान उदित नगर थाना प्रभारी डी लाकड़ा के नेतृत्व में पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विभिन्न शहरों के होटलों, दुकानों और मॉल में इसी तरह की ठगी करता रहा है। ज़ोनल डीएसपी अमरेंद्र शंड ने बताया कि आरोपी ने फर्जी पहचान और डिजिटल भुगतान के दुरुपयोग से कई जगह ठगी की है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और अन्य ठगी मामलों की जांच में जुटी है। पुलिस ने उसके पास से फर्जी पेमेंट कर खरीदे जूते, आई पेड, वॉच व कपड़े के साथ 700 रूपए जब्त की है।

### डकैती की साजिश रच रहे छह बदमाश गिरफ्तार

**राउरकेला।** राउरकेला की प्लांट साइट पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को विफल करते हुए छह कुख्यात आरोपियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई प्लांटसाइट थाना पुलिस की टीम की तत्परता से संभव हुई। मिली जानकारी के अनुसार थाना एसआईबीबी खटई अपने दल के साथ रात्रि गश्त पर थे, तभी विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक सेक्टर 21 के कांग्रेस भवन के पीछे एकांत स्थान पर इकट्ठा होकर डकैती की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर छह आरोपियों छोटू उर्फ अशरफ अंसारी 26 वर्ष, दीपक महतो 31 वर्ष, कर्मा गुआला 38 वर्ष, अशुतोष रथ 25 वर्ष, शेखर मुखी 20 वर्ष और लंगटू उर्फ चंदन यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। छोटू उऱ्फ़ असरफ राज गांग पुर के रवानी चौक, दीपक महतो सिंधी पाड़ा, कर्मा गुआला बिसरा, आशुतोष रथ टिंबर कलोनी, शेखर मुखी रेलवे कलोनी व लंगटु उऱ्फ़ चंदन गोप बंधु पाली का रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से दो आयरन रॉड, एक भुजाली कटी और तीन चाकू बरामद किए। बताया गया है कि ये सभी अपराधी राहगीरों, दुकानों और पेट्रोल पंप को निशाना बनाने की तैयारी में थे। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, डकैती, हमला, पोक्सो और आपराधिक षड्यंत्र के मामले शामिल हैं। इस सफलता के साथ पुलिस ने एक संभावित गंभीर डकैती को टालते हुए शहर में अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### जिले में 1386.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 अक्टूबर तक 1386.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1610.1 मिली मीटर, पुसौर में 1571.4, खरसिया में 1292.1, घरघोड़ा में 1354.2, तमनार में 1104.5, लैलूंगा में 1156.7, मुकडेगा में 1559.8, धरमजयगढ़ में 1072.5, छाल में 1377 एवं कापू में 1763.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## नगर निगम की सामान्य सभा में कई मुद्दों पर भिड़े नेता

# न्यू मरीन ड्राइव के नाम पर गरीबों का मकान ढहाने को लेकर सदन में भिड़े नेता

### पुल व सड़क से हटाया जाएगा जिंदल का नाम

नगर निगम रायगढ़ के साधारण सम्मिलन में शहर सरकार ने जिंदल कंपनी प्रबंधन को आईना दिखाया है। एमआईसी में स्वीकृत सावित्री जिंदल पुल व केवड़ाबाड़ी चौक से ढिमरापुर तक की सड़क पर ओमप्रकाश जिंदल के नाम को हटाने के प्रस्ताव को सदन से हरी झंडी मिल गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम द्वारा बार-बार निवेदन के बाद भी जिंदल द्वारा पुल व सड़क का मरम्मत नहीं किया जा रहा था, जिससे यह निर्णय लिया गया। इसी सभा में न्यू मरीन ड्राइव के निर्माण के नाम पर प्रगतिनगर, कयाघाट में गरीबों के आशियानों को ढहाने को लेकर महापौर जीवर्धन चौहान और नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया आपस में भिड़ गए। उनके बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई, जिससे पूरा सदन का माहौल गर्मा गया। दरअसल मंगलवार को नगर निगम के सभाकक्ष में साधारण सम्मिलन (सामान्य सभा) का आयोजन किया गया था। प्रश्नकाल के दौरान ही शहर सरकार को विपक्ष की तरफ से अकेले नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने घेरना शुरू कर दिया। इस दौरान कई प्रश्नों और मुद्दों को लेकर पक्ष व विपक्ष के बीच तनातनी हुई। फिर एमआईसी की बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों को सदन के समक्ष स्वीकृति के लिए पेश किया गया। इसमें विपक्ष ने सावित्री जिंदल पुल के नामकरण को निरस्त करने को लेकर आपित्त जताई, लेकिन सभापति ने सभी प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगाई है।



### परिषद में पास प्रस्ताव की जानकारी ही नहीं, खेद का विषय

प्रश्नकाल में वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद अमृत काटजू ने सवाल पूछा था कि केवबाड़ी बस स्टैंड को रामपुर प्यासा मैदान शिफ्ट करने के लिए परिषद से प्रस्ताव पास कर राज्य शासन को भेजा गया था, इस पर अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। उनकी बातों का किसी ने जवाब नहीं दिया तो नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने उसी सवाल को उठाते हुए कहा कि सालों पहले सदन में प्रस्ताव पास हुआ था कि रामपुर प्यासा मैदान में केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड को शिफ्ट करते हुए नए सिरे से निर्माण कार्य किया जाएगा। इसकी जानकारी आप लोगों ने नहीं दी है, यह खेद का विषय है। सच तो यह है कि इसकी जानकारी आपको है ही नहीं कि पूर्व में परिषद में कोई प्रस्ताव पास भी हुआ है। उस समय रामपुर में जमीन की नापजोख भी हुई थी कि भविष्य में बस स्टैंड को वहां शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद भी शहर सरकार व निगम प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

### रामबाग के बगल वाले मार्ग का नाम होगा केएस सुदर्शन

सचिव, समर्पण सेवा समिति कोतरारोड द्वारा कोतरारोड रामबाग के बगल वाले मार्ग का नामकरण सुदर्शन मार्ग किए जाने की मांग की गई थी, जिसे सदन में पेश किया गया। जहां भाजपा पार्षद हरि शरद शराफ ने कहा कि सुदर्शन मार्ग को केएस सुदर्शन मार्ग के नाम से किया जाए। क्योंकि केएस सुदर्शन एक नाम नहीं है बल्कि एक बहुत बड़ी हस्ती हैं। वे दक्षिणपंथी हिंदुत्व अर्धसैनिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सरसंघचालक प्रमुख थे। उनका रायपुर में जन्म हुआ था। 23 वर्ष की आयु में उन्हें संघ की तरफ से जिला प्रचारक का दायित्व दिया गया था। 81 वर्ष की आयु में उनका निधन छत्तीसगढ़ में हुआ था। उनके योगदान, देश, संगठन के प्रति समपर्ण को देखते हुए केएस सुदर्शन किया जाए। तब सभापति ने इसकी स्वीकृति प्रदान की।

### गुणवत्तायुक्त निर्माण की कौन लेगा गारंटी

नगर निगम द्वारा शनि मंदिर से छठ घाट तक न्यू मरीन ड्राइव निर्माण के लिए मेसर्स संजय कुमार केडिया बाराद्वार को 20 प्रतिशत कम एसओआर में ठेका दिया गया, जिससे कहा जा रहा है कि निगम को फायदा मिलेगा। तब नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि 20 प्रतिशत कम एसओआर में ठेकेदार पूरी गुणवत्ता के साथ काम करेगा, इसकी जवाबदारी कौन लेगा। जिस तरह शहर की लेता सड़के उखड़ रही हैं, उसे जनता को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। यह आम जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है जोकि बर्बाद न हो और उक्त पैसों का सही सद्उपयोग हो। तब एमआईसी के पीडब्ल्यूडी प्रभारी मुक्तिनाथ बबुआ ने गुणवत्तापूर्ण काम कराने की बात कही।

### जिंदल को किया जा रहा है टारगेट : नेताप्रतिपक्ष

दरअसल शहर सरकार द्वारा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा गया कि सर्किट हाउस बेलादुला रोड पर केलो नदी के उपर स्थित पुल का नामकरण सावित्री जिंदल सेतु व केवड़ाबाड़ी चौक से ढिमरापुर चौक तक की सड़क का नामकरण ओमप्रकाश जिंदल के नाम से इन शर्तों के तहत किया गया था कि उक्त पुल व सड़क के मरम्मत का कार्य जिंदल द्वारा किया जाएगा। चार बार लिखित सूचना देने व उन्हें बुलाकर उनके समक्ष चर्चा करने के बाद भी उक्त कार्य नहीं कराया गया। जिस कारण उक्त पुल व सड़क के नामकरण से सावित्री देवी जिंदल व ओम प्रकाश जिंदल के नाम को हटाए जाए। इस पर नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि खर्राघाट में सावित्री जिंदल पुल व केलो पुल को जिंदल ने ही बनाया है। बिना किसी नियम और शर्त के उनका नाम हटाना नाजायज है। शहर सरकार द्वारा जिंदल को टारगेट किया जा रहा है। ऐसे में विपक्ष को इस पर आपत्ति है, लेकिन सभापति ने उनकी बातों को दरकिनार कर नामकरण निरस्त करने के मांग को स्वीकृति प्रदान की है।

### पौनी पसारी की बचत राशि का मांगा हिसाब

प्रश्नकाल के दौरान अपने द्वारा पूछे गए सवाल पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद नारायण पटेल ने कहा कि भगवानपुर पौनी पसारी योजना अंतर्गत उनके वार्ड में 26.88 लाख की स्वीकृति मिली थी, जिसमें 9.44 लाख का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि पौनी पसारी योजना पूर्व सरकार की योजना थी, जिसकी बचत राशि उनके द्वारा बार-बार मांगने के बाद भी नहीं दी गई। उन्होंने आगे कहा कि भगवानपुर पौनी पसारी में शौचालय, पानी की व्यवस्था नहीं होने से वह मार्केट आबाद ही नहीं हो सका। यहां एक भी सब्जी व्यापारी दुकान लगाने नहीं आए, जिससे यह स्थान अब खंडहर में तब्दील हो गया है। उन्होंने निगम के अधिकारियों से हिसाब मांगते हुए कहा कि इसकी बकाया राशि कहां गई, जिस पर ईई अमरेश लोहिया ने कहा कि बाकी राशि शासन से प्राप्त ही नहीं हुई।

### महापौर और नेताप्रतिपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक

नेताप्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि शहर सरकार व निगम प्रशासन ने न्यू मरीन ड्राइव बनाने के नाम पर प्रगतिनगर, कयाघाट में रहने वाले गरीबों को बेघर किया है। इस पर महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि हमने उन्हें बेघर नहीं किया बल्कि बसाया है। हमने उनको एक स्टापं, टाइल्स वाला घर दिया है। जहां पानी, बिजली सबकी सुविधा है। वो यहां रह कर भयभीत थे कि बाढ़ आएगी तो उनका घर बह जाएगा, हमनें तो उनकी समस्या का समाधान किया है। नेताप्रतिपक्ष इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। तब नेताप्रतिपक्ष ने कहा कि वो आपसे मकान मांगने नहीं आए थे कि हमें पक्का मकान दो, जिन्होंने मांगा उसे तो आप दे नहीं पाए। उनके आशियानों से उनकी जिंदगी, परिवार की यादें जुड़ी थी, उनकी बद्दुआएं आपको लगेंगी। अगर आपने पहले इन्हें बसाया होता उसके बाद उनका घर उजाड़ा होता तो बात अलग होती। आपने किस नियम के तहत बिना सलाह मशवरा किए उनका महान तोड़ा। आपने धारा 191 का पालन नहीं किया। कई लोगों ने सड़कों में रात काटी है उस दर्द को महसूस करो। तब महापौर ने कहा कि प्रभावितों से सहमति लेकर उनकी मकानों को तोड़ा गया है।

### मेरे वार्ड के लिए स्वीकृत राशि दूसरे वार्डों में बांट दी : नारायण

वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद नारायण पटेल ने कहा कि भगवानपुर नीचे बस्ती में स्टॉप डेम निर्माण कार्य के लिए कुल राशि 45.76 लाख रुपए स्वीकृत थी। पूर्ण निर्माण भुगतान के बाद राशि रुपए 16 लाख बकाया है। उन्होंने कहा कि स्टॉप डेम का निर्माण पूर्ण हो चुका है इस कर्य की पुष्टि किसने की है। एमआईसी के प्रस्ताव क्रमांक 15 दिनांक 12 दिसंबर 2024 के स्वीकृति के अनुसार राशि रुपए 16 लाख की लागत से वार्ड 4 व 3 में स्टापॅ डेम का निर्माण कराया जा रहा है। भगवापुर में राशि का पूरा उपयोग हुआ नहीं, पुल का पूरा निमाण हुआ नहीं तो किस अधिकार के तहत अधोसंरचना मद के पैसे को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

### सहायक अभियंता पर इतना भार थोपना उचित नहीं : शरद

प्रश्नकाल के दौरान वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद आशीष ताम्रकार ने प्रश्न पूछा कि नगर निगम में कितने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर व ईई कार्यरत हैं। तकनीकी दृष्टि से क्या योग्यता है, वर्तमान में क्या-क्या कार्य विभागों का दायित्व दिया गया है, प्रमाणित दस्तावेज के साथ जानकारी उपलब्ध कराएं, इस पर निगम द्वारा उन्हें जवाब दिया गया कि अमरेश लोहिया कार्यपालन अभियंता एवं भवन अधिकारी हैं, वहीं समय पर सौंपे गए अन्य कार्य भी करते हैं। इसी तरह सूरज देवांगन सहायक अभियंता, सहायक भवन अधिकारी, जल प्रभारी, वाहन प्रभारी, विद्युत प्रभारी, अतिक्रमण प्रभारी हैं और समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करते हैं। इस पर तुरंत ही वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद हरि शरद शराफ ने कहा कि सहायक अभियंता सूरज देवांगन के पास एक्सट्रा इंजीनियरिंग पॉवर है क्या, जो उन्हें इतने विभागों का प्रभार सौंप दिया गया है। बाकी सभी इंजीनियर, सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनयरों में भी बराबर विभागों को बांटा जाए, ताकि अच्छी तरह से कार्यों का निर्वहन हो सके। एक सहायक अभियंता को ही घोड़ा बना कर दौड़ा रहे हैं, बाकी सबको गधा बना दिए हैं।

### अवैध कॉलोनियों पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई : महेश शुक्ला

वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद महेश शुक्ला ने कहा कि गोकुलधाम, आशीर्वाद कॉलोनी सहित 5 कॉलोनियों को नगर निगम ने अवैध घोषित किया है। ये सालों से अवैध की सूची पर हैं तो निगम ने अब तक इन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है। तब ईई अमरेश लोहिया ने जवाब देते हुए कहा कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने उक्त कॉलोनियों को नियमित करते हुए वैध घोषित किया है। तब महेश शुक्ला ने कहा कि राजस्व विभाग पूरा काम करता है, रजिस्ट्री हो जाती है, डायवर्सन शाखा डायवर्सन करता है वहीं जब जनता कॉलोनी में रहने लगती है तो निगम उसे अवैध बताता है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## ढाबा में अवैध रूप से बिक रहा था डीजल, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अतर्गत ढाबा में डीजल की अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी। ढाबे के पीछे कमरे में अलग-अलग डिब्बे में भरा 2 लाख से अधिक का ढाई हजार लीटर डीजल जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल सोमवार की शाम को पुलिस पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि ग्राम लाखा के यादव ढाबा में अवैध रूप से डीजल का भंडारण कर उसकी बिक्री की जा रही है। इसके बाद पुलिस की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। जहां यादव ढाबा के काउंटर में ढाबा संचालक हलधर यादव 60 वर्ष और कृष्णा यादव 29 वर्ष मिले। जिनसे पुलिस ने पूछताछ करने के बाद मौके की तलाशी ली। इस दौरान ढाबा पीछे कमरे में 11 से 12 अलग-अलग डिब्बों में रखा डीजल मिला। जिसके बारे में पूछताछ करने पर ढाबा संचालक टालमटोल करने लगा और न ही उससे संबंधित कोई दस्तावेज दिखा सका। ऐसे में पुलिस ने वहां से 2 लाख 33 हजार 100 रुपए का 2590 लीटर डीजल को जब्त कर लिया है। वहीं आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।



## शराब पीने के लिए नहीं दिए रुपए तो सैलून में लगा दी आग, आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब के लिए रुपए नहीं देने पर एक युवक ने सैलून दुकान के शटर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर क्षेत्र निवासी विजय श्रीवास का अंबेडकर चौक के पास सैलून की दुकान है। हर दिन की तरह अपने दुकान में काम कर रहा था तभी पंजरी प्लांट क्षेत्र में रहने वाला अज्जू वहां आया और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। तब विजय श्रीवास ने उसे रुपए देने से मना कर दिया। इससे वह देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया। बाद में रात के समय जब विजय अपनी सैलून को बंदकर घर चला गया। तब अज्जू वहां पहुंचा और पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक युवक दुकान के शटर पर आग लगाते नजर आ रहा है। जब आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो आग को बुझाया गया। इससे कोई खास नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद मामले में विजय श्रीवास ने लिखित आवेदन चक्रधर नगर थाने में दिया है और कार्रवाई की मांग की। जहां पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।




## जिले की 2271 शालाओं में चलेगा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की अंतर्गत राज्य के सभी शासकीय प्राथमिकए माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन के निर्देश के अनुरूप रायगढ़ जिले के सभी 07 विकासखण्डों के 1428 प्राथमिक शालाएं, 638 पूर्व माध्यमिक शालाएं, 80 हाई स्कूल एवं 125 हायर सेकेंडरी स्कूल इस तरह रायगढ़ जिले के 2271 शासकीय स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। सभी स्तर के स्कूलों के लिए अलग.अलग अंकेक्षण दल गठित किए गए हैं। जिसमें अंकेक्षण दल के नोडल अधिकारी उसे स्कूल के अतिरिक्त अन्य स्कूलों के शिक्षक, व्याख्याता या प्राचार्य शामिल है। उनके साथ स्थानीय स्तर के एसएमसी सदस्य, शिक्षक, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधियों को शामिल किया है। जो स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य करेंगे। सामाजिक अंकेक्षण करने की सूचना राज्य के निर्देश के अनुरूप संबंधित ग्राम में आयोजित ग्राम सभा में सामान्य जन को उपलब्ध कराई गई है और उन्हें आमंत्रित किया गया है। राज्य के निर्देशों के अनुरूप रायगढ़ जिले में भी 08 अक्टूबर तक स्कूल में उपलब्धता की आधार पर अंकेक्षण दल के द्वारा 20 बिंदुओं में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न किया जा रहा है। सामाजिक अंकेक्षण कार्य पूरा होने के बाद 20 प्रश्नों के रुब्रिक्स की एंट्री ऑनलाइन की जाएगी और इसके आधार पर स्कूलों की ग्रेडिंग कमजोर, औसत और अच्छे स्कूल के रुप में की जायेगी। जो कमजोर स्कूल रहेंगे उनकी गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष कदम राज्य शासन की निर्देशानुसार उठाए जाएंगे। सामाजिक अंकेक्षण की अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रियाए विद्यार्थियों की उपलब्धियांए आधारभूत सुविधाएं और शिक्षक उपस्थिति जैसे संकेतकों के आधार पर ग्रेडिंग की जा रही है। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की एक नई मिसाल है।



## एनटीपीसी लारा ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनटीपीसी लारा ने अरमुडा गांव के निवासियों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह सक्रिय पहल, एनटीपीसी लारा की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहलों के तहत सामुदायिक कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

शिविर में रक्तचाप बीपी, रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन परीक्षण और रक्त समूह निर्धारण सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी के अधिकारियोंए जिनमें जाकिर खान जीएम एचआर, अभिलाष केएस डीजीएम लॉ एचआर के साथ.साथ गांव के सरपंच तरुण कुमार प्रधान और अन्य सम्मानित समुदाय के सदस्य शामिल थे ने किया। उनकी उपस्थिति ने स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता के माध्यम से सामुदायिक मानकों को ऊपर उठाने में एनटीपीसी लारा और स्थानीय प्रशासन के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाया। अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों वाली एनटीपीसी लारा मेडिकल टीम ने ग्रामीणों के साथ एक इंटरैक्टिव स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित किया। निवासियों को निवारक स्वास्थ्य सेवाए समय पर निदानए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और एनीमिया जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन और रोकथाम पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया गया। एनटीपीसी लारा की चिकित्सा टीम के सदस्य डॉ. हेमंत नाम ने कहा हमारा लक्ष्य केवल स्वास्थ्य जांच प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि समुदाय को ज्ञान और निवारक देखभाल से सशक्त बनाना है।

### शरद पूर्णिमा के दिन मानकेश्वरी देवी की हुई विशेष पूजा-अर्चना

# एक-एक कर 40 बकरों की दी गई बलि, खून पीता रहा बैगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मागढ़ गांव स्थित मानकेश्वरी देवी मंदिर में शरद पूर्णिमा के दिन बैगा ने 40 बकरों की बलि देकर उनका रक्त पीया। ग्रामीणों ने मानकेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर दुआ मांगी। बलि की ये परंपरा करीब 500 साल से चली आ रही है।

मानकेश्वरी देवी के भक्तों के मुताबिक इतना खून पीने के बाद भी बैगा के शरीर में कोई साइड इफेक्ट नजर नहीं आता है। उनकी माने तो इस दिन बैगा के शरीर में देवी मां आतीं हैं और वो बलि दिए गए बकरों का खून पीती हैं। बल पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है। मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि बलि पूजा से एक रात पहले यानी 5 अक्टूबर को निशा पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की गई। जब यह पूजा होती है तो राज परिवार से एक ढीली अंगूठी बैगा के अंगूठे में पहनाई जाती है। हालांकि ये अंगूठी बैगा के नाप की नहीं होती, लेकिन बलि पूजा के दौरान बैगा के अंगूठे में वो अंगूठी पूरी तरह से कस जाती है। इससे एहसास होता है कि अब देवी का वास बैगा के शरीर में हो गया है। उसके बाद श्रद्धालु बैगा के पैर धोते हैं और सिर पर दूध डालकर पूजा करते हैं।




### हजारों की संख्या में आते हैं श्रद्धालु

मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि मां मानकेश्वरी देवी की काफी मान्यता है। बैगा के ऊपर मां मानकेश्वरी देवी सवार होती हैं। रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह के परिवार ने मंदिर की स्थापना की थी, तब से परंपरा चली आ रही है। बलि पूजा की मान्यताएं हैं, श्रद्धालु अपने मन से बलि देते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शरद पूर्णिमा के दिन कर्मागढ़ में होने वाले बलि पूजा को देखने रायगढ़ के अलावा दूसरे जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसमें रायगढ़ के जोबरो, तमनार, गौरबहरी, हमीरपुर, लामदांड, कुरसलेंगा, भगोरा, मोहलाई, बरकछार, चाकाबहाल, अमलीदोड़ा, ओडिशा के सुंदरगढ़ए सारंगढ़ जिले के विजयपुर, जुनवानी, बंगुरसिया सहित कई गांव शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### सौतेले पुत्र ने कर दी पिता की हत्या


**कुसमी।** अपने सौतेले पिता की बेदम पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कि है। सामरीपाठ पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।
बताया जा रहा है कि सामरी पाठ अंतर्गत ग्राम बेतपानी निवासी 52 वर्षीया सोमारी नगेसिया पति स्व. प्रभु नगेसिया का पुत्र सुखदेव नगेसिया 1 अक्टूबर को घर आया हुआ था इस दौरान 2 अक्टूबर को महिला के सौतेले पुत्र जयकरण नगेसिया ने शराब के नशे में पिटा प्रभु नगेसिया से विवाद शुरू कर दिया। आरोपी युवक का कहना था कि उसके दो बच्चे पैदा हुए और दोनों की मौत हो गई लेकिन तुम लोग कोई पूजा पाठ नहीं करा रहे हो। आरोपी जयकरण ने अपने पिता को जमीन पर पटककर हाथ मुक्का, पैर से छाती, गर्दन में मारा और रौंद दिया। इसके साथ ही उसने बीच बचाव करने गए भाई कोरंधा निवासी सुखदेव नगेसिया, आसनपानी निवासी संजय उर्फ संजू नगेसिया से भी मारपीट की।

### पत्नी को भगाने के संदेह में की मेहमान की हत्या



**धौरपुर।** मेहमान बनकर अपने दोस्त के घर पत्नी के साथ पहुंचे युवक की मेजबान ने बीती रात टांगी से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जशपुर जिला अंतर्गत ग्राम अम्बापकरी निवासी रतनू कोरवा आ.विपता कोरवा (28 वर्ष) रविवार को अपनी पत्नी के साथ मेहमानी करने अपने दोस्त ग्राम पंचायत सपड़ा अंतर्गत ग्राम जटा सेमर निवासी मोहर साय आ.माझी (26वर्ष) के घर पहुंचा था। रतनू के पहुंचने पर मोहर साय ने उसकी जमकर खातिरदारी की। रात में दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद में मोहरसाय ने टांगी से रतनू के सिर पर हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया। इस दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के कारण कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सुबह पड़ोसियों को सूचना मिली तो पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी को पकड़कर अपने कब्जा में रखा। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को ही आरोपी की पत्नी किसी के साथ भाग गई थी। आरोपी रतनू कोरवा पर ही अपनी पत्नी को भगाने का संदेह कर रहा था जबकि रतनू को इसकी सूचना तक नहीं थी। अपने मन में बदला लेने की बात पर उसने टांगी से हमला कर रतनू की जान ले ली। पुलिस के साथ पहुंची फॉरेंसिक की टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किया।

### मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ



**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी परिक्षेत्र अन्तर्गत स्थित मयाली नेचर कैम्प सभी ऋतुओं में एक मनोहारी दृश्य के रूप में प्रतीत होता है। यह क्षेत्र साल के लहलहाते वनों से आच्छादित है जिससे छोटी बड़ी नालायें वृहद संख्या में निकलती है जो कि नीचे जाकर मैदानी इलाकों को जीवन्त बनाती है। यह क्षेत्र जशपुर जिले को प्रकृति का अनुपम उपहार है। मयाली नेचर कैम्प देवबोरा तथा मयाली ग्राम के बीच में स्थित है। यह स्थान पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ, जो साहसिक कार्य पसंद करते हैं उनके लिये लंबी दूरी की पैदल यात्रा के लिये भी उपयुक्त स्थल है। वर्तमान में मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन गेटमनी सुविधा प्रारंभ की गइ है। आम जनमानस से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑन लाइन सुविधा का लाभ उठाएं।

## जल प्रदाय योजना को मिली मंजूरी हर घर तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

# जशपुर को मिला 86.99 करोड़ का अमृत वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे जशपुर नगरवासियों के लिए खुशखबरी आइ है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नइ दिल्ली द्वारा संचालित मिशन अमृत 2.0 (अटल शहरी नवीकरण एवं परिवर्तन मिशन) के अंतर्गत जशपुरनगर की जल प्रदाय योजना को 8लगभग 86 करोड़ 99 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गइ है। यह स्वीकृति राज्य स्तरीय हाइ पावर स्टेयरिंग कमेटी की 13वीं बैठक में दी गइ। इस निर्णय से अब जशपुर में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की पहल से मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अजय चंद्राकर की पहल पर यह योजना स्वीकृत हुइ है।नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने हाल ही में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से भेंट कर इस योजना की स्वीकृति का अनुरोध किया था।मुख्यमंत्री ने तत्काल अमृत मिशन लागू करने के निर्देश दिए, जिसके बाद यह बड़ी मंजूरी मिली।

### अब नहीं तरसेगा शहर पानी की एक बूंद को



जशपुर शहर में वर्षों से जल संकट बना हुआ था। कइ क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही थी। अमृत मिशन के तहत अब नए फिल्टर प्लांट, इनटेक वेल और नए पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण किया जाएगा। योजना पूरी होने के बाद हर मोहल्ले और घर तक पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा।

### जनता ने जताया आभार

अमृत मिशन के तहत मिली इस बड़ी स्वीकृति से जशपुर में खुशी का माहौल है। शहरवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अजय चंद्राकर और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया है। जनता का कहना है कि यह परियोजना जशपुर की सबसे बड़ी जरूरत पानी को पूरा करेगी और शहर को "हर घर जल"के लक्ष्य की ओर ले जाएगी।

### जल आपूर्ति व्यवस्था होगी मजबूत

सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने कहा कि अमृत मिशन के अंतर्गत स्वीकृत यह योजना जशपुर के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। नगर में नइ पाइपलाइन, फिल्टर प्लांट और इनटेक वेल के निर्माण से जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह मजबूत होगी। हमारा प्रयास रहेगा कि कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सके।

### नगर पालिका परिषद होगी एजेंसी

परियोजना के सभी निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद, जशपुरनगर द्वारा किए जाएंगे। योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी को भेजी जाएगी।कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी इंडिपेंडेंट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग एजेंसी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाएगा। राज्य शासन ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य किया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सभी कार्य नगर पालिका स्वामित्व की भूमि पर ही हों और अनुमोदित ड्राइंग व डिजाइन के अनुसार किए जाएं। योजना के अंतर्गत 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी भी निकाय की होगी।

## ऑपरेशन आघात में जशपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# पत्थलगांव में स्कूटी से पकड़े गए दो युवक 720 नग प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त नशीली दवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई ऑपरेशन आघात के तहत लगातार जारी है। सोमवार की रात पत्थलगांव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो युवकों को प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन प्लस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पत्ता में कुल 720 नग कैप्सूल और एक स्कूटी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार थाना पत्थलगांव पुलिस को सोमवार को



मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली थी कि बिलाइ टांगर टोली निवासी राशिद अली उम्र 22 वर्ष और प्रेमनगर निवासी लक्की अंसारी उम्र 21 वर्ष सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 13- एएस- 4048 में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा लेकर घूम रहे हैं। दोनों युवक तिलडेगा चौक के पास ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराया। उनके दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई।

### तिलडेगा चौक पर घेराबंदी

मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। पुलिस को देखते ही दोनों भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन तत्परता से की गइ घेराबंदी में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी की डिक्की में रखी एक प्लास्टिक की थैली जब खोली तो उसमें 30 पत्ता में 720 नग प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन प्लस बरामद हुए। पुलिस ने जब कैप्सूल रखने और बिक्री के वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोइ दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

### नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना लक्ष्य

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाइ कर रही है। पत्थलगांव क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिले में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात लगातार जारी रहेगा।

### औषधि निरीक्षक से कराया परीक्षण

जब्त कैप्सूल का औषधि निरीक्षक से परीक्षण कराया गया, जिसमें यह दवा प्रतिबंधित और नशीली श्रेणी की पाइ गइ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कैप्सूल और स्कूटी को विधिवत जब्त किया। जब्त माल की बाजार कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताइ गइ है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज

आरोपियों के खिलाफ थाना पत्थलगांव में धारा 22(ग), 27(ए) व 8 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने प्रतिबंधित दवा बिक्री करने की बात स्वीकार की है।

### इनका रहा योगदान

इस कार्रवाइ में थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उप निरीक्षक कृपा दान लकड़ा, आरक्षक राजेंद्र रात्रे, आलोक मिंज और वीरेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाइ से पत्थलगांव क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप बिक्री से पहले ही पकड़ी गई।

## नुक्कड़ नाटक कर दे रहे हैं संदेश

# सड़क सुरक्षा का संदेश देने बस्तर से जशपुर पहुंचे बाइकर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर बस्तर से निकले युवा बाइकर्स की सदभावना रैली मंगलवार को जशपुर पहुंची। यहां आराम निवास में विक्रमादित्य सिंह जूदेव इन बाइकर्स का स्वागत किया और उनके प्रयास की सराहना की। सालेम स्कूल रायपुर की प्राचार्य रूहीका लारेंस ने बताया कि सदभावना रैली का शुभारंभ बस्तर से हुआ था।

इस रैली में डेढ़ सौ बाइकर्स जुड़े हुए हैं। उन्होनें बताया कि रैली का उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। बस्तर संभाग में जागरूकता अभियान चलाने के बाद अब यह रैली सरगुजा संभाग पहुंची है। प्राचार्य लारेंस ने बताया कि अभियान के दौरान रैली में शामिल कार्यकर्ता नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बेटियों की सुरक्षा और विकास के लिए बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में योगदान देने के लिए स्वयंसेवक अपने सभा व नुक्कड़ नाटक में समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करते हैं। डायसीस आफ छत्तीसगढ़ के डिकमेंस केजू ने बताया कि सदभावना रैली का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में सद्भावना और शांति का संदेश देना है। केजू ने बताया कि रैली में शामिल लोग अपनी नुक्कड़ सभा में धर्म और जाति से उपर उठकर इंसानियत को महत्व देने की अपील करते है। उन्होनें बताया जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना में हो रही जनहानि गंभीर समस्या बनी हुइ है। इसे देखते हुए रैली और सभाओं के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का कड़ाइ से पालन करने और वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं। सड़क दुर्घटना में घायल हुए पीड़ितों को समय पर अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाइ जा सकती है। लेकिन लोग इसके लिए आगे आने से हिचकते हैं। सद्भावना रैली में लोगों से घायलों की सहायता की अपील भी की जा रही है। उन्होनें बताया कि जशपुर से सदभावना रैली अंबिकापुर पहुंचेगी।



### आराम निवास में हुआ स्वागत

सदभावना रैली का आराम निवास पैलेस में विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने स्वागत किया। उन्होनें रैली में शामिल बाइकर्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से ही सामाजिक बदलाव आती है। सड़क दुर्घटना को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होनें कहा कि जागरूकता से ही इससे होने वाली जनहानि को कम किया जा सकता है। वहीं बाइकर्स ने आराम निवास में हुए स्वागत के लिए आभार जताते हुए विक्रमादित्य सिंह जूदेव को राज्यसभा की सदस्यता के लिए किये जा रहे प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी।

# स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट में प्रवेश के लिए पंजीयन आज तक

## अभी तक 155 खिलाड़ियों का हो चुका है पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जाना है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव मस्के से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए 6 अक्टूबर अंतिम तिथि थी। अब खिलाड़ी 8 अक्टूबर की रात 12:00 बजे तक 250 रु. विलंब शुल्क के साथ पंजीयन करा सकते हैं । यह विलंब शुल्क प्रवेश शुल्क के साथ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर के खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। अभी तक 155 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पंजीयन किया है, जिसमें जशपुर जिले के 99 और अन्य जिलों के 56 खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज , होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

- आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव मस्के ने दी जानकारी

### जिले के निवासी ले सकते हैं प्रवेश

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले के निवासी इस टूर्नामेंट में प्रवेश ले सकते हैं। जशपुर जिले के स्थायी निवासियों के लिए प्रवेश शुल्क 100 और अन्य जिलों के निवासियों के लिए 500 रुपए के साथ ही अतिरिक्त विलंब शुल्क 250 रुपए देना होगा। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए अलग से छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन में वर्ष 2025-26 के लिए लागू शुल्क जमा कर सदस्यता लेनी होगी। जशपुर जिले के निवासियों के लिए 75 रुपए और अन्य जिले के निवासियों के लिए यह पंजीयन शुल्क 150 है। जिन खिलाड़ियों ने पहले से सदस्यता ली हुइ है उन्हें दुबारा पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हुआ कैदी

**अम्बिकापुर।** यूरिन की परेशानी को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में उपचार कराने दाखिल हुए हत्या के आरोपी ने शौचालय जाने के बहाने जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर मस्तुरी अंतर्गत ग्राम मल्हार निवासी मुकेश कांत आ. हरिप्रसाद बिलासपुर जेल में हत्या के मामले में बंद था।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा महिलाओं को मिल रहा पीएम जनमन योजना का लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए हैं।



इसी कड़ी में जशपुर वनमण्डल के परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत ग्राम कुटमा, में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं के लिए दोना-पत्तल निर्माण केन्द्र की स्थापना की गइ है। इस केन्द्र का संचालन मीनू लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता फूलों बाइ कर रही हैं। इस केन्द्र में समूह की महिलाएं माहुल पत्तों से मशीनों की सहायता से पर्यावरण अनुकूल दोना-पत्तल का निर्माण कर रही हैं। यह पहल न केवल उनके लिए सतत आजीविका का साधन बनेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा महिलाओं रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

## फूल बरसा कर नगरवासियों ने किया स्वागत, पूर्व सैनिक बने मुख्य अतिथि

# दोकड़ा में संघ के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मंडल दोकड़ा द्वारा सोमवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के 10 ग्रामों के 130 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल भवन से हुआ और पूरा संचलन जगन्नाथ मंदिर होकर मुख्य चौक चौराहे होकर गुजरा।

पथ संचलन कर रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवकों पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया।संचलन में मुख्य अतिथि के रूप में नैनसुख राम भगत, पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सेवा का सर्वोच्च माध्यम संघ कार्य है, जो व्यक्ति राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करता है वही सच्चा सेवक कहलाता है।



### सामाजिक समरसता, स्वदेशी अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के अंत में सामाजिक समरसता, स्वदेशी अभियान, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष चर्चा की गइ।इस अवसर पर नगर के अनेक स्वयंसेवक, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### संघ के कार्यों के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन एवं सेवा भावना

मुख्य वक्ता के रूप में नारायण नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि "संघ के कार्यों के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन और सेवा की भावना का विकास होता है।"उन्होंने संघ के सेवाकार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि संघ वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि संघ जीवनभर सीखने और समाज के लिए कुछ करने की भावना सिखाता है।



# टॉक्सिक में काम करने पर उत्साहित हैं अक्षय

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म टॉक्सिक में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने टॉक्सिक का हिस्सा होन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलने के अलावा मुझे निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मुझे उनकी पिछली फिल्में भी बहुत पसंद आई हैं। मुझे लगता है कि वह मेरी पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने अब तक काम किया है।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## अचानक हुई थी 'तुम मेरे न हुए' गाने की शूटिंग

साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का हाल ही में एक गाना रिलीज हुआ 'तुम मेरे न हुए', जिसने काफी चर्चा बटोरी। आपको बताते चलें कि ये उनकी आगामी फिल्म 'थामा' का सॉन्ग का था। रविवार के दिन एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर गाने से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए सॉन्ग के बारे में दिलचस्प किस्सा साझा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का गाना 'तुम मेरे न हुए' के कुछ पलों को साझा किया है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस गाने के पीछे की कहानी यह है कि हम लगभग 10-12 दिनों से एक बहुत ही आश्चर्यजनक स्थान पर शूटिंग कर रहे थे। आखिरी दिन हमारे निर्माता और निर्देशक को अचानक एक शानदार विचार आया, जहां उन्होंने कहा, 'रुको, हम यहां एक गाना क्यों नहीं शूट करते। यह एक शानदार लोकेशन भी है।' मैंने कहा क्यों नहीं और लगभग 3-4 दिनों में हमने यह सब संभव कर लिया।' अभिनेत्री ने आगे कहा, अंत में हम इसे देखकर आश्चर्यचकित थे। इसके लिए सभी डांसर्स, कॉस्ट्यूम डिपार्टमेंट, सेट के लोगों, लाइट्स डिपार्टमेंट, डायरेक्शन डिपार्टमेंट, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट को धन्यवाद। यह गाना आपकी कड़ी मेहनत की वजह से संभव हुआ। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी दर्शक गाने का आनंद ले रहे होंगे। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। 'थामा' का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# वाइस प्रिंसिपल्स सीरीज से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। वाइस प्रिंसिपल्स कॉमेडी सीरीज में डॉ. बेलिंडा ब्राउन की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एक्ट्रेस को फाइव फीट अपार्ट, केविन सेव्स द वर्ल्ड, 'क्रेग ऑफ द क्रीक और एचबीओ शो वाइस प्रिंसिपल्स में उनके प्रदर्शन के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता था। इसके अलावा वो गॉसिप गर्ल, न्यू एम्स्टर्डम, प्राइवेट प्रैक्टिस, टू एंड ए हाफ मेन और 'द बिग बैंग थ्योरी' में भी शामिल थीं। अभिनेत्री किम्बर्ली हेबर्ट ग्रेगरी के पूर्व पति-अभिनेता चेस्टर ग्रेगरी ने उनके निधन की खबर के पुष्टि की।



# परफेक्ट कपल 2 में नजर आएंगे ईशान

**लॉस एंजिल्स।** ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज परफेक्ट कपल की अपनी एक को-एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज परफेक्ट कपलमें मिला।



# शिरडी वाले साईं बाबा के किए दर्शन...

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केडी द डेविल' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच आज शिल्पा ने शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इस दौरान शिल्पा के साथ उनकी बहन शमिता शेट्टी भी नजर आईं। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शिरडी वाले साई बाबा के दर्शन की भक्तिपूर्ण तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शिल्पा साई बाबा को निहारती नजर आ रही हैं, तो किसी तस्वीर में शिल्पा बाबा के चरणों का आशीर्वाद लेती नजर आ रही हैं। इन सभी तस्वीरों में शिल्पा के साथ उनकी बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी भी नजर आ रही हैं। इन लाजवाब तस्वीरों के साथ शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, 'उसका समय हमेशा सही होता है। इस पर विश्वास करें, इसे अनुमति दें।



# 'कजरारे' पर कम पैसे मिले तो भड़क गई थीं

**मुंबई।** बंटी और बबली का गाना 'कजरारे' आज भी बॉलीवुड डीजे नाइट्स में धूम मचाता है। इस गाने को अलीशा चिनॉय ने गाया था और ऐश्वर्या पर उनकी आवाज काफी सूट भी की। गाने से जुड़ी एक कॉन्ट्रोवर्सी भी सुर्खियों में रह चुकी है जिसमें अलीशा और यशराज के बीच झगड़े की बात सामने आई थी। खबरें थीं कि वाईआरएफ ने इस गाने के बदले अलीशा को काफी कम पैसे दिए थे जो उन्होंने वापस कर दिए थे। इस मामले पर अलीशा ने एक रीसेंट इंटरव्यू में बात की है। अलीशा बोलीं, 'मेरे सफल होने के बाद भी उन लोगों ने मुझे कम पैसे दिए थे। कजरारे पर बहुत बवाल हुआ थ, क्योंकि मैं बहुत-बहुत नाराज थी। दरअसल मैं हर्ट और अपसेट थी। मुझे लग रहा था कि क्या एक सिंगर की उनके लिए कोई वैल्यू नहीं थी। मैं तब बड़ा नाम थी।

## टीवी मसाला



# अविका की शादी में हिना ने निभाई जूता चुराई की रस्म

**मुंबई।** टीवी शो पति पत्नी और पंगा के सेट पर अविका और मिलिंद शादी के बंधन में बंधे हैं। अविका गौर की शादी नेशनल टीवी पर अब टेलीकास्ट हो रही है। इस शादी में कई टीवी, बॉलीवुड कपल्स शामिल हैं। एक प्रोमो वीडियो में हिना खान ने अविका की शादी में जूता चुराई की रस्म निभाई है। शो पति पत्नी और पंगा के हालिया रिलीज प्रोमो में हिना खान, मिलिंद के जूते चुराती दिखीं। इसके बाद ईशा मालवीय के साथ मिलकर उन्होंने जूतों के बदले 1 लाख रुपए की डिमांड कर दी। लंबी नोक-झोंक के बाद मिलिंद ने नेशनल टीवी पर हिना खान को 1 लाख रुपए दिए। शो 'पति पत्नी और पंगा'में शामिल कपल्स ने अविका की शादी में खूब मस्ती-मजाक किया। अविका भी दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। वहीं, अविका और मिलिंद के फैमिली मेंबर्स भी शो के सेट पर दिखाई दिए। अविका की बात करें तो वह सीरियल बालिका वधू से टीवी पर पॉपुलर हुईं। प्रोमो के आखिर में सलमान खान भी नजर आए। वह अविका और मिलिंद की शादी से जुड़ा अपडेट फैंस को बताते हैं। सलमान खान इन दिनों 'बिग बॉस 19' को होस्ट कर रहे हैं। साथ ही वह एक फिल्म बैटल ऑफ गलवां भी कर रहे हैं।

## एल्विश को सलमान ने आते ही कर दिया रोस्ट

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का वीकेंड का वार हर बार की ही तरह इस बार भी मजेदार रहा। जैसे ही मंच पर एल्विश यादव की एंट्री हुई, मस्ती-मजाक का माहौल हो गया। बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर रह चुके एल्विश इस बार एक खास टास्क लेकर शो में पहुंचे थे- 'पॉयजन एंड एंटीडोट' यानी जहर और इलाज। लेकिन, असली ट्विस्ट तब आया जब सलमान खान ने एल्विश को उसी के पुराने विवाद पर मजे लेते हुए चुटकी ले डाली। शो की शुरुआत में जब एल्विश यादव मंच पर आए, सलमान ने मुस्कुराते हुए कहा, 'आए हैं एल्विश यादव, जो सिस्टम हैंग कर देंगे।' इसके बाद एल्विश ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैं घरवालों के अंदर का जहर निकालने आया हूं।' इस पर सलमान तुरंत बोले, 'विष से तो आपका पुराना नाता है।' सलमान की इस बात पर एल्विश भी मुस्कुरा कर बोले, 'काफी पुराना।' सलमान ने एक और तंज कसते हुए कहा, 'अच्छा, अब इलाज भी करने लगे हो क्या?' सलमान की यह बात उनके एल्विश यादव के स्नेक वेनम केस की ओर इशारा थी, जो कुछ महीनों पहले काफी सुर्खियों में रहा था। उस मामले में एल्विश पर एक रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने का आरोप लगा था।



# यशराज की फिल्म में साथ नजर आएंगे शारवरी-अहान!

**मुंबई।** शारवरी वाघ और अहान पांडे ने निर्देशक अली अब्बास जफर की नई एक्शन-रोमांस फिल्म साइन कर ली है। अभिनेत्री शारवरी ने कथित तौर पर फिल्ममेकर अली अब्बास जफर की आने वाली इस अनाम एक्शन-रोमांस फिल्म में अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी नजर आएगी। अहान पांडे ने अपनी फिल्म 'सैय्यारा' से बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया। वहीं शरवरी भी 100 करोड़ की हिट फिल्म 'मुंजा' का हिस्सा रहीं। दोनों ने साबित कर दिया कि अच्छा अभिनय ही लोगों को थिएटर तक खींच सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सैयारा' एक्टर अहान पांडे और 'मुंजा' एक्ट्रेस शरवरी वाघ यशराज फिल्म्स की आगामी एक्शन रोमांस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। इस फिल्म के जरिए जफर टाइगर जिंदा है के 9 साल बाद वाईआरएफ बैनर के साथ वापसी कर रहे हैं। यह एक एक्शन-रोमांस फिल्म होगी। यह फिल्म अभी बिना टाइटल है। यह आदित्य चोपड़ा और अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म साथ में होगी। पहले वे मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में बना चुके हैं। सोशल मीडिया पर फैंस इस खबर से बेहद खुश हैं और शरवरी और अहान को एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। तो वहीं कई फैंस शरवरी और अहान की जोड़ी को लेकर फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं।



# क्राइम-थ्रिलर से लेकर एक्शन-रोमांस तक

## इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

**मुंबई।** त्योहारों के बाद का हफ्ता मनोरंजन के लिहाज से किसी भी तरह से फीका नहीं पड़ने वाला है। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक इस बार दर्शकों के लिए ढेरों नए ऑप्शंस मौजूद हैं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' जहां दस्तक देने वाली है, वहीं भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज भी रिलीज होने वाली है।

**वॉर 2** : आदित्य चोपड़ा के वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म 'वॉर 2' इस हफ्ते दर्शकों के बीच आ रही है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर आमने-सामने नजर आएंगे, जबकि कियारा आडवाणी फिल्म की लीड अभिनेत्री हैं।



कहानी में इस बार अंतरराष्ट्रीय साजिशों और रोमांचक एक्शन सीक्वेंस का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज डेट 9 अक्टूबर है और इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**द वुमन इन केबिन 10** : रुथ वेयर के मशहूर उपन्यास पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे ट्रिप की कहानी है जो रहस्यमय मोड़ ले लेता है। सिमोन स्टोन के निर्देशन में बनी इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में कीरा नाइटली और गाइ पियर्स लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी दर्शकों को रहस्य, डर और दिमागी उलझनों की गहराई में ले जाएगी। ये फिल्म 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

**सर्च: द नैना मर्डर केस** : डेनिश शो 'द किलिंग'से प्रेरित यह भारतीय अडैप्टेशन दर्शकों को एक गंभीर मर्डर इन्वेस्टिगेशन की दुनिया में ले जाएगा। निर्देशक रोहित सिप्पी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में हैं, जो रहस्यों की परतें खोलती जाती हैं। ये सीरीज 10 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

**कुरुक्षेत्र** : भारत की पहली पौराणिक एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र' इस बार दर्शकों को 18 दिनों की उस भीषण लड़ाई में ले जाएगी, जिसने युगों तक इतिहास रचा। शो की खासियत यह है कि इसमें हर योद्धा की दृष्टि से युद्ध को दिखाया जाएगा। इस सीरीज को भी 10 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा।

**स्थल** : जयंत सोमालकर द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म स्थल समाज में मौजूद पारंपरिक विवाह व्यवस्था की जटिलताओं पर सवाल उठाती है। नंदिनी चिखटे द्वारा निभाया गया मुख्य किरदार एक ऐसी लड़की का है। ये फिल्म जी 5 पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी।

## ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की है अमिट डोर

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया गया चांदनी रात का जादू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में करवा चौथ के व्रत को दिखाया गया है। ये फिल्में बताती हैं कि करवा चौथ सिर्फ व्रत नहीं, बल्कि प्यार की अमिट डोर है। इस करवा चौथ पर इन फिल्मों के खास करवा चौथ सीन दोबारा देखिए और अपने पार्टनर के साथ स्पेशल टाइम बिताइए। करवा चौथ के त्योहार पर चांद को देखकर व्रत खोलने की ये परंपरा बॉलीवुड फिल्मों में भी खूब नजर आई है। आज हम बात करेंगे उन चुनिंदा फिल्मों की, जहां करवा चौथ का सीन दिल छू लेने वाला रहा। ये सीन न सिर्फ इमोशनल हैं, बल्कि प्यार की मिसाल भी देते हैं।*

### कभी खुशी कभी गम

फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में करवा चौथ का सीन काजोल और शाहरुख खान के बीच फिल्माया गया है। चांद निकलते ही काजोल हंसते-हंसते छलनी से चांद देखती है। ये सीन इतना मजेदार और रोमांटिक है कि आज भी फैंस इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं। वहीं इस सीन में करीना कपूर भी ऋतिक रोशन के साथ मस्ती करती हैं। करीना ने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया है। करीना एक सीन में ऋतिक से कहती हैं- 'मैंने तो चांद को देख लिया, अब तुम भी देख लो'।

### दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे

शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में भी करवा चौथ का शानदार सीन दिखाया गया। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यह खास सीन घर-घर पहुंचा। काजोल का किरदार सिमरन अपने बॉयफ्रेंड राज (शाहरुख) के लिए व्रत रखती है।





### बागबान

अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फैमिली ड्रामा फिल्म 'बागबान' में करवा चौथ का सीन इमोशनल टच देता है। हेमा मालिनी का किरदार अपने पति (अमिताभ बच्चन) के लिए व्रत रखती है। बेटों की कठोरता के बीच ये सीन पति-पत्नी के अटूट बंधन को दर्शाता है। चांद देखते हुए आंसू और मुस्कान का मेल दिल को छू जाता है।

### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में ऐश्वर्या का किरदार नंदिनी करवा चौथ का व्रत रखती है। गुजराती रीति-रिवाजों से सजा ये सीन पारंपरिक रंगों से भरपूर है। नंदिनी चांद को देखकर व्रत खोलती है, जो प्यार और त्याग की कहानी को और गहरा बनाता है। सलमान का इंतजार वाला ट्विस्ट तो कमाल का है।

खबर संक्षेप

## गंभीर जानकारी नहीं करें शेयर : सरपंच

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया के सरपंच श्रीमती रामेश्वरी महेन्द्र साव ने साइबर क्राईम से बचने क्षेत्र के लोगों से अपनी गंभीर जानकारी साझा न करने की अपील की है। क्योंकि इससे जहां वित्तीय हानि होती है तो वहीं संबंधित व्यक्ति ब्लैकमेलिंग का भी शिकार होता है। जानकारी के अनुसार सुरक्षा विभाग के क्राईम ब्रांच की टीम पुसौर आई हुई थी, जो इन्हें जनप्रतिनिधि होने के नाते इनसे इस तथ्य की अपील कराई कि किसी भी अनजान काल को न उठाए, आए हुए विडियों को डाउन लोड न करें वहीं फोन के जरिए किसी भी व्यक्ति को अपनी वित्तीय संबंधी जानकारी एकाउंट नंबर, पीन कोड ओटीपी आदि शेयर न करें। इस तथ्य का इनका एक विडियो क्लीप के माध्यम से थाना कार्यालय से जारी हुआ है। ज्ञात हो कि रामेश्वरी साव अपने ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के लिये काफी संवेदनशील हैं।

## किराना दुकान से चोरी आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** किराना दुकान से चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल 28 सितंबर की रात्रि 8 बजे शिकायतकर्ता उमेश नायक (54) अपरबालीजोड़ी ने थाने में आकर एक लिखित शिकायत दी कि 27 सितंबर की रात कुछ अज्ञात अपराधियों ने 2 कार्टून तेल, 2 कार्टून कमला पसंद गुटखा और अन्य किराना सामान की चोरी की। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 17,000 रुपए है। पिछले 6 महीनों में किराना दुकानों से तीन बार चोरी हो चुकी है। शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड की गई चोरी की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया था। जांच के दौरान रघुनाथपाली पुलिस ने चोरी के मामले का सफलतापूर्वक पता लगाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## कलेक्टर ने जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशील पूर्वक सुनी। जनदर्शन में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में ग्राम पंतोरा निवासी गोविंद राम देवांगन मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम नवापारा निवासी विकास कुमार पटेल पीएम विश्वकर्मा आदि आवेदन प्रस्तुत किया।

### निधन...

## घनश्याम अग्रवाल



**पुसौर।** पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 में कुछ दशको पहले घनश्याम अग्रवाल अपने भरे पूरे परिवार के साथ रहते थे। तात्कालीन समय में ये अपने काम काज और अपने समदर्शी व्यवहार के कारण लोगों के दिलों में राज करते थे। पुसौर में इन्हें घन्नु सेठ के नाम से जाना जाता था। इनके अति करीबी धनेश्वर गुप्ता बताते हैं इनसे जिन्होंने भी मदद मांगी उन्हें ये यथा संभव पूरा किए, इनकी मृत्यु समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति हैं। ज्ञात हो कि घनश्याम अग्रवाल राज खरिहार में निवास करते थे, जहां वे कामकाज से सन्यास ले चुके थे। चूंकि उनका पुत्र दीपक अग्रवाल उसे बखुबी सम्हाल रहे हैं और ये संतोषी जीवन जी रहे थे। इसी बीच बीते दिनांक को उनका निधन हो गया।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी नगर वासियों को बधाई

# नपं पुसौर में हुआ 15 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरसात के बीच भी नगर पंचायत पुसौर में आज विकास के प्रति नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह अवसर था 15 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास का। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नगर पंचायत पुसौर के बाजार चौक में 19.78 लाख रुपये की लागत से अटल परिसर निर्माण व भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पुसौर नगर पंचायत में विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। आज के कार्यक्रम में 14 करोड़ 3 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं 1 करोड़ 27 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि बीते 20 महीनों में पुसौर नगर पंचायत को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सरकार जनता की सरकार है जो नागरिकों की आवश्यकताओं को समझते हुए स्वयं पहल कर रही है। पुसौर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण नगर बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने पुसौर की जनता से स्वच्छता अभियान में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही नगर के सर्वांगीण विकास हेतु अतिरिक्त 2 करोड़ रुपए की घोषणा की।






**इन कार्यों का हुआ शिलान्यास**

नपं पुसौर में 14 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से 12 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें 26.79 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाली निर्माण कार्य, 86.40 लाख रुपए की लागत से रानी सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 51.85 लाख रुपए की लागत से पशु चिकित्सालय से गांधी चौक तक सौंदर्यीकरण कार्य, 408.58 लाख रुपए की लागत से बोरोडीपा चौक से कॉलेज रोड निर्माण कार्य, 75 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 3 बस स्टैंड के पास उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य, 75 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 12 बड़े तालाब के पास उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य, शाउमा विद्यालय पुसौर में कुल 80 लाख रुपए की लागत से स्टील शेड, लाइब्रेरी सह प्रयोगशाला एवं सभाकक्ष निर्माण कार्य, 7.08 लाख रुपए के लगा से वार्ड क्रमांक 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल हेतु पाइपलाइन विस्तार कार्य, 65 लाख रुपए की लागत से तुरंगा में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य और 527.79 लाख रुपए की लागत से कसई नाला पर उच्च स्तरीय सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

### किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं : ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए हर क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिख रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को दो वर्ष का बोनस 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी एवं 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधोसंरचना, सड़कों, पुल पुलियाओं, नगरीय सुविधाओं एवं वार्ड स्तर के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। नागरिक किसी भी गड़बड़ी की जानकारी दें, विभाग तत्परता से सुधार करेगा।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

नगर पंचायत पुसौर में 127 करोड़ रुपए की लागत से 5 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें 30 लाख रुपए की लागत से जल आवर्धन पंप हाउस के पास कांप्लेक्स निर्माण कार्य, 19.78 लाख रुपए की लागत से बाजार चौक के पास अटल परिसर निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना कार्य, 48.84 लाख रुपए के लागत से पेट्रोल पंप के सामने काम्प्लेक्स निर्माण कार्य 8.71 लाख रुपए के लागत से वार्ड क्रमांक 15 के स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य और 20.33 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 15 के स्टेडियम में बॉक्स क्रिकेट एलईडी लाइट सहित निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्य शामिल है।

## होटल मालिक की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर के शादीपुर इलाके में होटल के सह मालिक 49 वर्षीय नियामत अली की तमिलनाडु के चेन्नई में 27 जुलाई को एक जघन्य साजिश के तहत गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह योजना काफी दिनों से तैयार थी और आरोपियों ने इसे अंजाम देने के लिए टीवी पर चलते अपराध धारावाहिकों से प्रेरणा ली थी।

हत्या के बाद शव को कार के बूट में रखकर करीब 30 घंटे की थकान भरी यात्रा के बाद आंध्र प्रदेश से होते हुए राउरकेला की ब्रह्मणी नदी किनारे एक बोरे में बांधकर फेंक दिया गया। तमिलनाडु के तांबरम पुलिस स्टेशन की टीम ने व्यापक जांच के बाद मुख्य आरोपी मुनताक़ीम अहमद और उसके दो साथियों राकिब व अब्दुल रज्जाक को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार ये तीनों आरोपी नियामत अली के व्यावसायिक साझेदार थे, जिनके बीच लंबे समय से विवाद था। नियामत अली का अंतिम बार चेन्नई के वंडलूर क्षेत्र में एक छात्र के साथ देखा गया था, जिसने पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग पहुंचाए। पुलिस अब भी दो अन्य संदिग्धों की तलाश में है जो हत्या में शामिल बताए जा रहे हैं। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने पहले नियामत अली को नशे की हालत में रखा, फिर कार में उसे गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी शव को कार के बूट में छुपाकर तमिलनाडु से आंध्र प्रदेश होते हुए राउरकेला तक ले गए। हत्या की योजना इतनी सटीक और सुनियोजित थी कि आरोपियों ने पुलिस को संतुष्टि देने के लिए अपराध धारावाहिकों से मॉड्यूल और तकनीक सीखी थी।

मामला तमिलनाडु का है, इसलिए जब तक वे नहीं पहुंच जाते, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती।
**नितेश वाधवानी, एसपी, राउरकेला**

## अब सीकेपी डीआईवी में लेट नहीं होंगी ट्रेनें

**राउरकेला।** रेलवे बोर्ड ने विशेष ट्रेनों के विलंब को लेकर सख्त निर्देश जारी किया है। इसमें ट्रेनों की रियल टाइम निगरानी करने को कहा गया है। यही नहीं रेलवे बोर्ड ने अब इन खास ट्रेनों के विलंब की सीधी जिम्मेदारी मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) को दे दी है। यानि यदि ट्रेनें विलंब होती है तो उसके लिए जिम्मेदार डीआरएम भी ठहराए जाएंगे। रेलवे बोर्ड का यह आदेश उन ट्रेनों के लिए है जो रेलवे की नजर में विशेष कैटेगरी में आती है। यानी रेलवे बोर्ड के इस आदेश का असर सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों के यात्रियों को राहत देने वाला नहीं होता दिख रहा है।

## डिप्टी सीएम से वकीलों ने की अधिवक्ता कक्ष की मांग



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में आए हुए डिप्टी सीएम अरूण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा क्षेत्रीय विधायक व वित्तमंत्री ओपी चौधरी के समक्ष पुसौर तहसील क्षेत्र के समस्त वकीलों ने एक अधिवक्ता कक्ष की मांग रखी, जिसके लिए एक मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। जानकारी के मुताबिक अस्थाई रूप से एक छोटा सा भवन तहसील कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं के लिए रखी गई है, जो लोक सेवा केन्द्र का है। जिसे कभी भी छोडना पड़ सकता है। इस तथ्य के मद्देनजर इन्होंने अपने एक अधिवक्ता कक्ष की मांग रखी है। इस तथ्य पर वरिष्ठ अधिवक्ता व नोटरी जीआर नायक, तेजराम नायक, हेमराम नायक, उमेश गुप्ता, आकाश सारथी, विरेन्द्र श्रीवास्तव, श्याम शंकर पाणिग्राही सहित अन्य वकीलों का कहना है कि कानूनी लिखापढ़ी के लिए शांत वातावरण का होना आवश्यक हो जाता है, इसके लिए समूचित व्यवस्था के साथ भवन की आवश्यकता होती है जैसा कि प्रायः न्यायालयों में है।

## विवाहिता से दुष्कर्म का आरोप, दो गिरफ्तार

**राउरकेला।** रघुनाथपाली थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना में दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़िता की लिखित एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना उस समय घटी जब एक विवाहित महिला अपने घर लौट रही थी। थाना के नजदीक ओवरब्रिज के पास रेलवे लाइन किनारे यह दुष्कर्म हुआ। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया, जबकि दूसरा युवक भी ऐसा करने की कोशिश कर रहा था, तभी महिला उनके चंगुल से छूटकर भाग निकली। महिला ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद रघुनाथपाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

## सॉफ्टबॉल में बस्तर एवं दुर्ग संभाग ने जीत का लहराया परचम

**रायगढ़।** रायगढ़ में जारी 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दूसरे दिन खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का उत्साह दोगुना कर दिया। यह प्रतियोगिता 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच संभागों से चयनित खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सॉफ्टबॉल स्पर्धा के बालक 19 वर्ष वर्ग में दुर्ग संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं रायपुर संभाग द्वितीय और बिलासपुर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। दूसरे दिन क्रिकेट का पहला लीग मैच में दुर्ग और बस्तर संभाग आमने सामने थे। दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 80 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर की टीम मात्र 23 रन पर सिमट गई। इस प्रकार दुर्ग ने 57 रनों से जीत दर्ज की। दूसरे लीग मैच में सरगुजा और बिलासपुर के बीच मुकाबला हुआ। सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 15 ओवर में 85 रन बनाए। बिलासपुर संभाग लक्ष्य तक नहीं पहुँच सका और 71 रन पर ऑल आउट हो गया। सरगुजा ने यह मैच 15 रनों से जीत लिया।



खो-खो बालक 17 वर्ष लीग मैच अंतर्गत बस्तर बनाम रायपुर में 17.13 से बस्तर विजेता रही। बस्तर बनाम दुर्ग में 25.14 से बस्तर विजेता बनी। रायपुर बनाम सरगुजा में 22.7 से रायपुर विजेता रही। खो-खो बालिका 17 वर्ष के लीग मैच अंतर्गत बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर 20.2 से विजेता रहीए रायपुर बनाम बस्तर में बस्तर 18.2 से विजेता रही। बस्तर बनाम दुर्ग में बस्तर 14.11 से विजेता रही। रायपुर बनाम सरगुजा में रायपुर 15.5 से विजेता रही, वॉलीबॉल बालक 14 वर्ष के लीग मैच में रायपुर बनाम दुर्ग में रायपुर 2.0, बिलासपुर बनाम बस्तर में बस्तर 2.0, रायपुर बनाम सरगुजा में रायपुर 2.1 से विजेता रही। वॉलीबॉल बालिका 14 वर्ष वर्ग में बस्तर और सरगुजा ने दिखाई ताकत, बस्तर बनाम रायपुर में बस्तर 2.0, बिलासपुर बनाम सरगुजा में बिलासपुर 2.0, बस्तर बनाम दुर्ग में बस्तर 2.0ए सरगुजा बनाम रायपुर में सरगुजा 2.0 जीत हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों के अनुशासित खेलए टीम भावना और उत्साह ने माहौल को जोश से भर दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों की हर शानदार प्रस्तुति पर उत्साहवर्धन किया।

## अधूरे वेज रिवीजन पर भड़का आरएकेएस

**राउरकेला।** राउरकेला कर्मचारी संगठन आरएकेएस ने सेल कर्मचारियों के लंबित वेतन संशोधन और उपेक्षित अधिकारों को लेकर इस्पात मंत्रालय, मुख्य श्रमायुक्त और प्रधानमंत्री कार्यालय के शीर्ष अधिकारियों पर तीखा प्रहार किया है। संगठन ने कहा कि श्रम के महत्व की बातें करने वाली व्यवस्था आज स्वयं श्रमिकों के शोषण की भागीदार बन चुकी है। आरएकेएस ने आरोप लगाया कि जिन कर्मचारियों की मेहनत से भारत का इस्पात उद्योग चांद और मंगल तक पहुंचा उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। पिछले 9 वर्षों से सेल कर्मियों का वेज रिवीजन अधूरा पड़ा है, जिसके इंतजार में लगभग तीस हजार कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं और सैकड़ों कर्मचारी जीवन यात्रा पूरी कर चुके हैं। संगठन ने कहा कि एनजेसीएस के कथित प्रतिनिधि नेताओं ने कर्मचारियों का भरोसा खो दिया है। आरएकेएस ने कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं की सूची जारी करते हुए बताया कि डेढ़ दशक पुराना इंसेंटिव रिवार्ड अब तक अटका है, जबकि उत्पादन क्षमता दोगुनी और कर्मचारियों की संख्या आधी रह गई है।


## खरसिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**खरसिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरसिया की बस्ती क्रमांक 3 खाटू श्याम बाबा ने खरसिया नगर में पथ संचलन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण पश्चात टाउनहाल मैंदान में सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहां मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह भयभंजन बेहरा एवं मुख्य अतिथि डा. सत्यम पटेल द्वारा स्वयंसेवको को संबोधित किया गया।



विदित हो कि 100 वर्ष पूर्व विजयादशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षो से चली आ रही उस परंपरा का पुर्नस्थापना था जिसमें राष्ट्र चेतना समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। विजयदशमी 1925 से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 2025 की विजयादशमी पर अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। किसी भी संस्था के लिए ऐसा अवसर गौरव का प्रसंग होता है। 100 साल पहले डॉ हेडगेवार द्वारा रोपा गया संघ का यह पौधा आज एक विराट वटवृक्ष की तरह अपनी शाखाओं, प्रशाखाओं के साथ राष्ट्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को आच्छादित किए हुए हैं। संघ प्रारंभ से राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। आज पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना शताब्दी वर्ष पर मना रहा है। इसी क्रम में खरसिया में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने 5 अक्टूबर को खरसिया की बस्ती क्रमांक 3 खाटू श्याम बाबा शाखा ने नगर में पथ संचलन किया। इस दौरान स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रायगढ़ विभाग कार्यवाह भयभंजन बेहरा ने कहा कि संघ के यह 100 वर्षो की गौरवशाली यात्रा राष्ट्र को समर्पित है। वर्ष 1925 में संघ की स्थापना से लेकर आज 100 वर्ष पूर्ण होने तक संघ ने विभिन्न माध्यमों से राष्ट्र की सेवा की है। हिन्दु समाज को संगठित एवं जागृत करने के उद्देश्य से काम करा रहा संघ का आज देश भर में विशाल स्वरूप देखने को मिल रहा है। मुख्य अतिथि डा. सत्यम पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक देशभक्ति जाने वाला संगठन है। संघ ने अपने कार्यो, सेवा और समर्पण से देश में एक नई चेतना लाई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस पथ संचलन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, मंडल महामंत्री मनीष रावलानी, नपा उपाध्यक्ष बंटी सोनी, पार्षद अरूण चौधरी, लंबोदर महंत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीष अग्रवाल, गिरधारी गबेल आदि उपस्थित थे।

## बिलाईगढ़ में आरएसएस का अनुशासित पथ संचलन



**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा कल भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में नगर के मुख्य मार्गों पर अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते नजर आए।

पथ संचलन की शुरुआत संघ प्रार्थना के साथ की गई। कार्यक्रम में संघ के स्थानीय और क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। स्वयंसेवकों ने नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए प्रमुख चौराहों का भ्रमण किया, जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। संघ के वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, संगठन और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से देश सेवा के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। स्थानीय नागरिकों ने संघ के अनुशासन और संगठन की भावना की सराहना की। पूरा कार्यक्रम में गोपाल दुबे सियाराम कहार दीपक सिंघानिया, राजेश शर्मा, सोमनाथ राकेश, भोला श्रीवास, सुखदेव साहू, कुंजराम, हेमन्त राकेश आदि आरएसएस के सैकड़ों कार्यकर्तओं ने भाग लिया वहीं यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने मनाया रासोत्सव



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 6 अक्टूबर को मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी इकाई चंद्रपुर द्वारा गोपाल महाप्रभु मंदिर में रास उत्सव मनाया गया। सर्व हिन्दू महिला समाज को लेकर चलने वाली मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बताया कि जिस प्रकार शरद पूर्णिमा के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने वृन्दावन में रास रचाया था ठीक उसी प्रकार से हमने रास उत्सव का आयोजन किया है। रास मतलब आत्मा का परमात्मा से मेल को रास कहा जाता है। जितने गोपी उस रास में उपस्थित थे सभी संत और ऋषि, महषि थे। दूसरे जन्म में वे गोपी रूप में परमब्रम्ह से मिलन हुआ रास के माध्यम से। रास का कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक हुआ। इसके बाद राधा कृष्ण की भव्य आरती के साथ खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

## स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार के तहत आयुर्वेद विभाग में विभिन्न कार्यक्रम

**रायगढ़।** पीएमश्री सेजेस स्कूल कोंडातराई में स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 250 विधार्थी शामिल हुए। जिसमें डॉ जागृति पटेल आयुष चिकित्सक बुनगा एवं डॉ प्रियंका नायक आयुष चिकित्सक नौरंगपुर ने किशोरी बलिकाओ को महिलाओ मे होने वाले रोग एवं मूलभूत समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के तहत आयुर्वेद विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम किया गया जिसमे योगाभ्यास, कुपोषण, ब्रेस्ट कैंसर, मासिक धर्म स्वछता, मानसिक रोग, रक्ताल्पता, इत्यादि कार्यक्रम गांव गांव, आंगनबाड़ी, स्कूल, मितानीनो के सहयोग से किया गया। जिसमे बहुत से ग्रामीण माताओं बहनो को जागरूक किया गया।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411